# 0204 (New)    (A)

Total No. of Questions—16

Total No. of Printed Pages—7    Regd. No. 

## Part II

# HINDI, Paper - II

**(Second Language)**

*Time : 3 Hours]*    *[Max. Marks : 100*

**सूचनाएँ : —** (*i*) **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।

(*ii*) जिस क्रम में प्रश्न दिये गये हैं, उसी क्रम में उत्तर लिखना अनिवार्य है।

**खण्ड 'क'**

**(60 अंक)**

**1.** निम्नलिखित किसी **एक** पद्य का भावार्थ लिखिए :    1×6=6

(1) समै-समै सुन्दर सबै, रूप कुरूप न कोय।
मन की रुचि जेती जितै, तित तेती रुचि होय॥

**अथवा**

(2) रहिमन धागा प्रेम का, मत तोरो चटकाय।
टूटे से फिर ना जुरै, जुरै गांठ पर जाय॥

**2.** निम्नलिखित किसी **एक** कविता का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए :    1×6=6

(1) ये कौन चित्रकार है

(2) गुलाबी चूड़ियाँ।

**3.** निम्नलिखित किसी **एक** पाठ का सारांश 5-6 वाक्यों में लिखिए :    1×6=6

(1) तेलंगाना के दर्शनीय स्थल

(2) पहाड़ से ऊँचा आदमी।

4. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर **तीन-चार** वाक्यों में लिखिए : 2×4=8

(1) अशोक ने शस्त्रों का त्याग क्यों किया ?

(2) 'गाँव का ईश्वर' एकांकी का उद्देश्य क्या है ?

(3) 'अंधेर नगरी' एकांकी के अंत में फाँसी पर कौन चढ़ा, और क्यों ?

5. निम्नलिखित पद्यांशों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×3=6

(1) प्राइवेट बस का ड्राइवर है तो क्या हुआ,
सात साल की बच्ची का पिता तो है!
सामने गियर से ऊपर
हुक से लटका रक्खी हैं
काँच की चार चूड़ियाँ गुलाबी

(2) कितने इसके तारे टूटे,
कितने इसके प्यारे छूटे,
जो छूट गए फिर कहाँ मिले;
पर बोलो टूटे तारों पर
कब अम्बर शोक मनाता है।
जो बीत गई सो बात गई!

(3) कोहरे से ढकी सड़क पर बच्चे काम पर जा रहे हैं
सुबह सुबह
बच्चे काम पर जा रहे हैं।

(4) कुदरत की इस पवित्रता को तुम निहार लो
इनके गुणों को अपने मन में तुम उतार लो

**6.** निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं **दो** की संदर्भ सहित व्याख्या कीजिए : 2×3=6

(1) बुढ़ापा बहुधा बचपन का पुनरागमन हुआ करता है। बूढ़ी काकी में जिह्वा-स्वाद के सिवा और कोई चेष्टा शेष न थी और न अपने कष्टों की ओर आकर्षित करने का, रोने के अतिरिक्त कोई दूसरा सहारा ही।

(2) हमारा देश किसानों का देश है, खेती हमारा राष्ट्रीय पेशा है, खेतिहर होना हमारे लिए सबसे गर्व की बात है।

(3) कहते हैं, जो पेंसिल वे एक बार खरीदती थीं, वह जब तक इतनी छोटी न हो जाती कि उनकी पकड़ में भी न आए तब तक उससे काम लेती थीं।

(4) उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव को ही हिला रही है। यह एक बड़ा खतरा है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनौती है।

**7.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **तीन** या **चार** वाक्यों में लिखिए : 2×3=6

(1) 'बच्चे काम पर जा रहे हैं' कविता में कवि क्या प्रश्न पूछता है ?

(2) हरिवंशराय बच्चन का संक्षिप्त परिचय दीजिये।

(3) बिहारी के अनुसार दुःख में हमें किस तरह रहना चाहिए ?

(4) रहीम का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

**8.** निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर **तीन-चार** वाक्यों में लिखिए : 2×3=6

(1) उपभोक्तावादी संस्कृति का आपके जीवन पर क्या प्रभाव पड़ रहा है ?

(2) सयानी बुआ के व्यक्तित्व का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(3) भारतीय किंसान के जीवन की कुछ विशेषताएँ लिखिए।

(4) प्रेमचंद की कुछ रचनाओं के नाम लिखिए।

**9.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द में लिखिए : 5×1=5

(1) बिहारी किनके दरवारी कवि थे ?

(2) रहीम के अनुसार विद्याहीन मनुष्य किसके समान है ?

(3) पिता बेटी के लिए कौनसा उपहार लाया है ?

(4) हालावाद के प्रवर्तक कौन थे ?

(5) बच्चे कहाँ जा रहे हैं ?

**10.** निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द में लिखिए : 5×1=5

(1) किन खाद्यों को लेखक फूहड़ खाद्य मानते हैं ?

(2) 'सयानी बुआ' नामक कहानी की लेखिका कौन हैं ?

(3) हमारा राष्ट्रीय पेशा कौनसा है ?

(4) उपन्यास सम्राट किन्हें कहा जाता है ?

(5) कोलनुपाका में किनका प्रसिद्ध मंदिर है ?

## खण्ड 'ख'

## (40 अंक)

**11.** निम्नलिखित में से **एक** पत्र लिखिए : 1×5=5

(1) समय का महत्व बताते हुए अपने मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

(2) उच्च शिक्षा के लिए टी.सी. (स्थानांतरण-पत्र) तथा शैक्षणिक प्रमाण-पत्र के लिए प्रधानाचार्य को पत्र।

**12.** निम्नलिखित में से किन्हीं **आठ** शब्दों का संधि-विच्छेद कीजिए : 8×1=8

(1) चिकित्सालय

(2) संतोष

(3) विद्यार्थी

(4) सम्मान

(5) नदीश

(6) मनोबल

(7) सदैव

(8) निराहार

(9) ज्ञानोपदेश

(10) नाविक

(11) जगदीश

(12) महेश।

**13.** निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** शब्दों के समास के नाम लिखिए : 5×1=5

(1) प्रतिवर्ष

(2) अठन्नी

(3) रसोईघर

(4) पंकज

(5) शताब्दी

(6) चंद्रमुख

(7) माता-पिता

(8) सुख-दुःख।

**14.** (अ) निम्नलिखित विज्ञापन पढ़कर नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 4×1=4




(1) मतदान किसे करना चाहिए ?

(2) मतदान का अर्थ क्या है ?

(3) मतदान का नारा क्या है ?

(4) यह विज्ञापन किसके बारे में है ?

(आ) गद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 4×1=4

भारत (आधिकारिक नाम : भारत गणराज्य) दक्षिण एशिया में स्थित भारतीय उपमहाद्वीप का सबसे बड़ा देश है। पूर्ण रूप से उत्तरी गोलार्ध में स्थित भारत, भौगोलिक दृष्टि से विश्व में सातवाँ सबसे बड़ा और जनसंख्या के दृष्टिकोण से दूसरा सबसे बड़ा देश है। भारत के पश्चिम में पाकिस्तान, उत्तर-पूर्व में चीन, नेपाल और भूटान, पूर्व में बांग्लादेश और म्यान्मार स्थित हैं। हिन्द महासागर में इसके दक्षिण-पश्चिम में मालदीव, दक्षिण में श्रीलंका और दक्षिण-पूर्व में इंडोनेशिया से भारत की सामुद्रिक सीमा लगती है। इसके उत्तर की भौतिक सीमा हिमालय पर्वत से और दक्षिण में हिन्द महासागर से लगी हुई है। पूर्व में बंगाल की खाड़ी है तथा पश्चिम में अरब सागर है।

(1) भारत का आधिकारिक नाम क्या है ?

(2) भारत पूर्ण रूप से किस गोलार्ध में स्थित है ?

(3) उत्तर में भारत की सीमा क्या है ?

(4) अरब सागर कहाँ है ?

**15.** (अ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** मुहावरों के अर्थ लिखिए : 4×1=4

(1) अँगूठा छाप होना

(2) कुएँ का मेंढक

(3) आग में घी डालना

(4) हौसला बढ़ाना

(5) अपने पाँव पर आप कुल्हाड़ी मारना

(6) एक और एक ग्यारह होना

(7) पेट में चूहे कूदना

(8) ईद का चाँद होना।

(आ) निम्नलिखित में से किन्हीं **चार** लोकोक्तियों के अर्थ लिखिए : 4×1=4

(1) खोदा पहाड़ निकली चुहिया

(2) साँप मरे और लाठी न टूटे

(3) यथा राजा तथा प्रजा

(4) उल्टा चोर कोतवाल को डाँटे

(5) काला अक्षर भैंस बराबर

(6) अंधेर नगरी चौपट राजा

(7) आ बैल मुझे मार

(8) अक्ल बड़ी या भैंस।

**16.** नीचे दिए गए वाक्यों में से किन्हीं **तीन** के वाच्य बदलिए : 3×2=6

(1) मोहन पाठ पढ़ता है।

(2) वह कविता सुनती है।

(3) राजू से गीत लिखा गया।

(4) सीता से कहानी लिखी जाती है।

(5) वह खेलता है।

(6) तुम फूल तोड़ोगे।